प्राचार्य का संदेश

प्रिय, विद्याार्थियों शिक्षको और सम्मानित अभिभावकगण–

मुझे अत्यंत हर्ष हो रहा है कि अपना महाविद्यालय डॉ0 भीमराव अम्बेडकर पी0जी0 कालेज, मुरादनगर (पतरासी), लखीमपुर–खीरी, शिक्षा के क्षेत्र में विकास पथ पर निरंतर अग्रसर है जो कि खीरी तराई जनपद के विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के नये–नये कीर्तिमान रच रहा है।

- महाविद्यालय का उद्देश्य है– उदीयमान राष्ट्र और समाज के लिए प्रबुद्ध एवं जिज्ञासु नागरिक तैयार करना है जो भावी पुष्ट समाज का नेतृत्व कर सके।

- हमारा दृढ़ विश्वास है कि प्रत्येक विद्यार्थी प्रछन्न प्रतिभा का धनी है। प्रत्येक छात्र में असाधारण क्षमता निहित होती है। इसलिए मेरा प्रयास है कि महाविद्यालय में सकारात्मक व समावेशी वातावरण तैयार हो सके, जहाँ सभी विद्यार्थी अपनी प्रतिभा को पहचान सकें और उसे निखार सकें।

- शिक्षकगण, आप ज्ञान राशि के संचित कोष है जो कि छात्रों के जीवन को आलोकित करते हैं। आपके समर्पण भाव, मार्गदर्शन के बिना सफलता सम्भव नहीं।

- प्रिय, छात्र–छात्राओं आपका सोचना, प्रश्न करना, सृजनात्मकता को अपनाना ही अच्छी संस्था की पहचान कराता है। भविष्य को चुनौतियों के रूप में देखा जाय। आप स्मरण रखें, नैतिक मूल्य विनम्रता में ही सफलता का योग है।

- आइये हम सब मिलकर–विद्यार्थी, शिक्षक, अभिभावक और कर्मचारी डॉ0 भीमराव अम्बेडकर पी0जी0 कालेज में चरित्र निर्माण, ज्ञान एवं नवाचार का एक आदर्श रूप प्रस्तुत कर सकें।

आप सभी का भविष्य उज्ज्वल हो यही मेरी मंगलाशा है।

प्राचार्य
(डॉ0 कैलाश नाथ)